**हादसा** | गंभीर घायलों से मिलने देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे संभागायुक्त और कलेक्टर

# ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसा : 6 श्रद्धालुओं की मौत, 41 घायल





**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम बिजौरा के पास शुक्रवार शाम श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तिवनी गांव के समीप पुलिया में ट्रॉली पलटने से हुए इस भीषण हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पड़मनिया के ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए ग्राम बिजौरा जा रहे थे। इसी दौरान तेज मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया में पलट गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

### शहडोल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली

इस दुर्घटना में ग्राम पड़मनिया निवासी 45 वर्षीय घनश्याम सिंह, 55 वर्षीय सहबल बैगा, 50 वर्षीय भूपत सिंह, 60 वर्षीय बीर सिंह, 40 वर्षीय कृष्णपाल सिंह एवं 15 वर्षीय धर्मपाल की मौत हो गई। बताया गया कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि दो की मौत पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान हुई। वहीं दो अन्य घायलों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।



### 22 का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी

हादसे में घायल हुए 41 लोगों को तत्काल पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मरीजों को जिला चिकित्सालय उमरिया एवं मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज शहडोल में 22 घायलों का उपचार जारी है, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए

घटना की सूचना मिलते ही शहडोल संभागायुक्त सुरभि गुप्ता एवं अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली देर रात मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से कहा कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### मृतकों के परिजनों को 8-8 लाख रुपए की सहायता

राज्य शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा हादसे में मृतकों के परिजनों को 8-8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। इसमें मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 4 लाख रुपए तथा संबल योजना के तहत 4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और गांवों में मातम पसरा हुआ है।



# वेंकटनगर में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**अवैध लकड़ी परिवहन करते मिनी ट्रक सहित सेमल की लकड़ी जब्त**

**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** वनमंडल अनूपपुर के जैतहरी रेंज अंतर्गत वेंकटनगर सर्किल में वन विभाग ने रात्री गश्त के दौरान अवैध लकड़ी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सेमल प्रजाति की लकड़ी से लदे एक आयशर मिनी ट्रक को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी डेविड वेंकटराव चिनाप, उप वनमंडलाधिकारी प्रीतेश मनोहर राव पखाले एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम द्वारा सामूहिक गश्त के दौरान वेंकटनगर वन क्षेत्र में एक संदिग्ध वाहन को घेराबंदी कर रोका गया।

जांच के दौरान लाल रंग का आयशर वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 1013 पकड़ा गया, जिसमें सेमल प्रजाति की लकड़ी लोड पाई गई। वाहन चालक सतुहन पिता चुन्नीलाल यादव उम्र 29 वर्ष निवासी नेउरा जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से लकड़ी परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में पता चला कि लगभग 4.5 घनमीटर सेमल लकड़ी जैतहरी थाना क्षेत्र के बरेली गांव के राजस्व क्षेत्र से बिलासपुर भेजी जा रही थी। वन विभाग ने अवैध परिवहन पाए जाने पर लकड़ी एवं मिनी ट्रक को जब्त कर वन अपराध क्रमांक 4995/13 दर्ज किया।

### इनकी उपस्थिति में की गई कार्यवाही

जब्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से वेंकटनगर परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है तथा मामले में विधिसम्मत कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक गोरसी शिवचरण पुरी, बीट प्रभारी वेंकटनगर भीखम प्रसाद कोल, बीट प्रभारी गढ़ियाटोला नरेंद्र कुमार पटेल, बीट प्रभारी पोड़ी तरुण सिंह सहित सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि रात्री गश्त के दौरान संदेहास्पद वाहन की जांच में बहुमूल्य सेमल लकड़ी का अवैध परिवहन पकड़ा गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# 168 प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**समर कैंप आरोह-2026 का भव्य समापन**



**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आयोजित समर कैंप आरोह-2026 का भव्य समापन समारोह शुक्रवार को नगर परिषद जैतहरी परिसर में सम्पन्न हुआ। एक माह तक चले इस शिविर में 168 बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर खेल, योग, व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर का संचालन ग्रामीण युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड जैतहरी तथा स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा विकास कुमार भारतीया, अमन वर्मा, दिनेश निषाद एवं आयुष नामदेव के सहयोग से किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद जैतहरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी के प्राचार्य हेमंत मिश्रा, सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार उरमलिया, समाजसेवी मोहनलाल शिवहरे, नोबल पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक जफर खान सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, अभिभावक एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि अनिल गुप्ता ने कहा कि समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास और प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम है।

### शिविर में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल एवं ताइक्वांडो का प्रशिक्षण

शिविर में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल एवं ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही नशामुक्ति, साइबर जागरूकता, स्वच्छता, सामान्य ज्ञान, फिटनेस, योग, चित्रकला, नृत्य, संगीत, इतिहास एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। प्रतिभागियों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कुमारी एंजेल गुप्ता ने एक माह के अनुभवों को अंग्रेजी में प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। वहीं कुमारी सुनीता राठौर, कुमारी कृतिका तिवारी एवं कुमारी रचना राठौर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कुमारी कनिका सिंह एवं अमिनिकेत सिंह ने प्रेरणादायक वक्तव्य देकर कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

## महर्षि कश्यप धाम निर्माण का हुआ भूमि पूजन

**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 5 में बहुप्रतीक्षित महर्षि कश्यप धाम निर्माण कार्य का भूमि पूजन श्रद्धा, उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। भूमि पूजन समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने धाम निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए इसे नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सुदृढ़ करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद जैतहरी नगर के समग्र विकास, सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी सोच और योजनाबद्ध विकास के माध्यम से जैतहरी को एक व्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक नगर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# ट्रैफिक पुलिस ने ट्रक जब्त कर खनिज विभाग को सौंपा

**कोयला परिवहन में बड़ी गड़बड़ी की आशंका**

**कोयला लदे ट्रक पर कार्रवाई, चालक नहीं दिखा सका पर्याप्त दस्तावेज**




**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** जिले में यातायात नियमों के पालन एवं अवैध खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत यातायात पुलिस ने कोयला परिवहन कर रहे एक ट्रक को जब्त कर खनिज विभाग को सौंप दिया। मामले में खनिज परिवहन में अनियमितता की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वाहन क्रमांक सीजी 10 एएम 8111 को जांच के लिए रोका गया। उक्त ट्रक अनूपपुर से छत्तीसगढ़ की ओर कोयला लेकर जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने चालक से वाहन एवं खनिज परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन चालक मौके पर पर्याप्त एवं संतोषजनक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद प्रथम दृष्टया खनिज परिवहन में अनियमितता की आशंका को देखते हुए पुलिस ने वाहन को विधिवत जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की अग्रिम जांच एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रकरण खनिज विभाग को भेज दिया है। साथ ही वाहन के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। दस्तावेजों की विस्तृत जांच के बाद नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसपोर्टर्स की हड़ताल पर प्रशासन सक्रिय

**एमबी पावर प्रबंधन से मांगा जवाब**

**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** जिले में फ्लाई ऐश परिवहन से जुड़े ट्रांसपोर्टर्स की प्रस्तावित हड़ताल को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतहरी ने एमबी पावर लिमिटेड प्रबंधन को पत्र जारी कर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की मांगों पर तत्काल बिंदुवार जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार माँ नर्मदा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट ऑनर एसोसिएशन के सचिव सुरेन्द्र पाण्डेय ने 26 मई को प्रशासन को आवेदन सौंपकर 27 मई को प्रस्तावित हड़ताल स्थगित करने तथा 1 जून से एमबी पावर के मटेरियल गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं संवैधानिक तरीके से धरना-प्रदर्शन करने की सूचना दी थी।

एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि एसोसिएशन द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों और मांगों का परीक्षण कर कंपनी प्रबंधन अपना पक्ष एवं बिंदुवार जवाब तत्काल प्रस्तुत करे। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर अनूपपुर, थाना प्रभारी जैतहरी और संबंधित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन को भी भेजी है। बताया जा रहा है कि ट्रांसपोर्टर्स लंबे समय से ओवरलोडिंग, समय पर भुगतान, डीजल उपलब्धता और परिवहन व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को लेकर नाराज चल रहे हैं। कई बार मांगें उठाने के बावजूद समाधान नहीं होने से ट्रांसपोर्टर्स आंदोलन की तैयारी में हैं।

# खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता का होता विकास : सुमिता




**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** नगर परिषद बनगवां राजनगर द्वारा आयोजित समर स्पोर्ट्स कैंप बच्चों और युवाओं की खेल प्रतिभाओं को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। 1 मई से 30 मई तक आयोजित इस खेल प्रशिक्षण शिविर में नगर के नन्हे खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित समर कैंप में जिला वॉलीबॉल संघ की सह सचिव श्रीमती सुमिता शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल शिविर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, जिससे बच्चे भविष्य में जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सुमित कौशिक भी शिविर में पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल पर समय व्यर्थ करने के बजाय खेल गतिविधियों में अधिक भागीदारी करनी चाहिए। खेलों से शरीर स्वस्थ एवं फिट रहता है, मानसिक विकास होता है तथा पढ़ाई में भी मन लगता है। शिविर में बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं अभ्यास सत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुमिता शर्मा एवं थाना प्रभारी सुमित कौशिक के प्रेरणादायी संबोधन से खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर हरीशंकर यादव (सह सचिव वॉलीबॉल अनूपपुर), अजय यादव (सीनियर खिलाड़ी), इकबाल (सीनियर खिलाड़ी एवं स्टेट रेफरी), अतुल यादव (वॉलीबॉल मध्यप्रदेश स्टेट रेफरी), जितेंद्र कुमार पनिका सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## समूह की महिलाओं के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराएं : सीईओ

**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जिले में संचालित सभी 13 गौशालाओं के सुव्यवस्थित संचालन एवं नियमित फॉलोअप के निर्देश आजीविका मिशन की ब्लॉक टीम को दिए हैं। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक में सीईओ ने गौशालाओं की व्यवस्थाओं, उपलब्ध पशुओं एवं सुविधाओं की स्थिति का एक सप्ताह के भीतर फॉलोअप लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आजीविका मिशन के डीपीएम श्री शशांक प्रताप सिंह सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।समीक्षा बैठक के दौरान एक बगिया मां के नाम योजना के हितग्राहियों को स्वीकृत ऋण राशि की वसूली, सीएसईबी योजना के तहत ईंट निर्माण एवं बिक्री कार्य की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने उद्योग आधार पंजीयन बढ़ाने तथा स्व सहायता समूहों के नवाचार कार्यों के चिन्हांकन के निर्देश दिए।

**भ्रष्टाचार** | भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों से घिरी पंचायत

# फुलकोना पंचायत में शिकायतों का अंबार, जांच कार्रवाई शून्य

**अनूपपुर, नवभारत, 30 मई।** जनपद अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलकोना इन दिनों लगातार शिकायतों और जांचों को लेकर चर्चा में है। पंचायत में भ्रष्टाचार, अनियमित भुगतान, शासकीय राशि के दुरुपयोग, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, जीएसटी एवं टीडीएस कटौती में अनियमितता तथा सामग्री क्रय नियमों के उल्लंघन जैसी गंभीर शिकायतें विभिन्न स्तरों पर दर्ज कराई गई हैं।

शिकायतों के आधार पर कई बार जांच दल गठित किए गए, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी न तो जांच प्रतिवेदन सार्वजनिक हो सके हैं और न ही दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### सामग्री क्रय नियमों के उल्लंघन के आरोप

जिला पंचायत अनूपपुर में दर्ज एक अन्य शिकायत में ग्राम पंचायत फुलकोना पर विकास कार्यों के भुगतान में जीएसटी एवं टीडीएस की कटौती नहीं किए जाने तथा मध्यप्रदेश पंचायत (सामग्री एवं माल क्रय) नियम 1999 के उल्लंघन के आरोप लगाए गए हैं। जिला पंचायत द्वारा जनपद अनूपपुर को उक्त शिकायत की जांच कर पांच दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए थे। शिकायत में वित्तीय नियमों के उल्लंघन से शासकीय धन की हानि और वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई गई थी।




### सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचा मामला

ग्राम पंचायत फुलकोना के निर्माण कार्यों में उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक भी पहुंची। शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया। शिकायत की स्थिति में दर्ज विवरण के अनुसार पहले संबंधित अधिकारियों को जांच सौंपी गई, लेकिन तय समय में कार्रवाई नहीं होने पर अधिकारियों को बदलना पड़ा। इसके बाद भी जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा सका। 13 मई 2026 की प्रविष्टि में सहायक यंत्री को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने पर पुनः तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद शिकायत की स्थिति में जांच प्रतिवेदन अपेक्षित है दर्ज रहा। लगातार विलंब के कारण अब जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का आरोप है कि पंचायत में लगातार शिकायतें होने, जांच दल गठित होने और उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समयबद्ध जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होंगे।

### अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

लगातार जांच आदेश जारी होने के बावजूदपंचायत सचिव के विरुद्ध दर्ज शिकायतों में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

### तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार 24 दिसंबर 2025 को जनपद अनूपपुर द्वारा ग्राम पंचायत फुलकोना में भ्रष्टाचार, अनियमित भुगतान एवं शासकीय राशि के दुरुपयोग की शिकायत पर तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। जांच दल में खंड पंचायत अधिकारी आदेश टोप्पो, खंड समन्वयक (एसबीएम) अंकुर सिंह तथा उपयंत्री एल. श्रीवास्तव को शामिल किया गया था। आदेश में सात दिवस के भीतर बिंदुवार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।